नवीन स्कूल भवन का उद्घाटन 2020

दिनांक 31 अक्टूबर 2020 को पटेल नगर स्थित सेंट मोंटफोर्ट स्कूल के प्रांगण में नवीन भवन का उद्घाटन समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में नवीन भवन की सजावट बहुत सुंदरता से की गई थी । समस्त शिक्षक और भैया दीदी पुरी तन्मयता से अपने कार्य में तत्पर थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्कूल की शिक्षिकाओं ने ईश्वर की आराधना की तथा सुन्दर प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया। इसके पश्चात् विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन ने सभी उपस्थित स्वजनो का स्वागत किया तथा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। कोऑर्डिनेटर ज्योति मेम एवं हिन्दी विभाग प्रमुख मीनाक्षी मेम ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया।

फादर पी.पी. जोसफ बरखेड़ा चर्च से तथा फादर डेविश माता मरियम चर्च पटेल नगर में नवीन भवन में पवित्र जल का सिंचन कर उसे पवित्र बनाया। अपनी प्रार्थना के द्वारा सभी को आशीर्वाद दिया। प्रोविंशियल ब्रदर जेम्स एक्का ने रिबन कटिंग के द्वारा भवन का उद्घाटन किया। सभी उपस्थित लोगों को मिठाई स्वरूप लड्डू तथा प्रतीक चिन्ह स्वरूप सेंट मोंटफोर्ट के चित्र वाला बैग भेट किया गया । कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित थे – अमोग गुप्ता आर्किटेक्ट, अपूर्व गुप्ता आर्किटेक्ट, मि. उपकार कॉनटेक्टर ,मि. अभिषेक सुपरवाइजर , मि. प्रकाश सुपरवाइजर मि. कुरियन सुपरवाइजर इनके साथ ब्रदर टी एलेक्स मोंट फोर्ट स्कूल दिल्ली, ब्रदर अल्बर्ट अब्राहम प्राचार्य मोंट फोर्ट स्कूल रूडकी ,ब्रदर जॉय थॉमस प्राचार्य मोंट फोर्ट इन्टर कॉलेज लखनऊ ।

कार्यक्रम के अंत में स्कूल शिक्षिका अर्चना प्रसाद ने सभी का आभार व्यक्त किया। विद्यालय की ओर से सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। अंत में सभी ने नवीन विद्यालय भवन की बधाईयां दी।

इस प्रकार कार्यक्रम का समापन हुआ।